दिन– गुरूवार दिनांक– 11 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की ग्यारहवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी होंगे शामिल।

02. विधान परिषद की नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट पर उपचुनाव के लिए निर्वाचित उम्मीदवारों के नाम की आज हो सकती है घोषणा।

03. प्रदेश के पांच कलाकारों को वर्ष दो हजार चौबीस और दो हजार पच्चीस के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में आज सुबह से बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने अगले तीन घंटे के दौरान पटना, अरवल, भोजपुर, जहानाबाद, नालंदा, सारण और वैशाली जिले में आंधी–बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की ग्यारहवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लिए टीम इंडिया के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप इस वर्ष की बैठक का विषय है – विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लिए समावेशी मानव विकास। हमारे संवाददाता ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल भाग लेंगे।

–––साउंड बाईट–––

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के एक सौ चालीस करोड़ नागरिकों की आकांक्षाएं अवश्य पूरी होंगी। नई दिल्ली में एनडीए की बैठक में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विश्वासघात के बाद देश की जनता ने एनडीए सरकार पर भरोसा जताया है।

–––साउंड बाईट––––

एनडीए सरकार के इन 12 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों का गरीबी से बाहर निकलना यह दिखाता है कि हमारी नीतियां सही हैं। हमारी दिशा सही है। यह सफलता आज देश के हर उस व्यक्ति को एक भरोसा देती है कि एक ना एक दिन उसका संघर्ष भी खत्म होगा। एक दिन उसके सपने भी पूरे होंगे।

श्री मोदी ने कहा कि देश लगातार विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

———साउंड बाईट———

एनडीए की बारह वर्षों की उपलब्धियों की एक और विशेषता है। हमें यह उपलब्धियां वैश्विक अस्थिरता और अशांति के दौर में हासिल हुई है। दुनिया के बड़ेदृबड़े देशों की अर्थव्यवस्थाएं संघर्ष कर रही हैं। तब भी 2025–26 में भारत ने 7 प्वाइंट 7 परसेंट की ग्रोथ रेट हासिल की है और पिछला क्वाटर तो जो 31 मार्च को खत्म हुआ उसमें भी भारत की ग्रोथ 7 प्वाइंट 8 परसेंट रही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए राष्ट्र की सेवा और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए नए जोश के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता ने राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक स्थिरता के महत्व को समझ लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत सभी देशवासियों का सपना होना चाहिए।

———साउंड बाईट———

आज देश का हर नागरिक विकसित भारत के सपने से भरा हुआ है। विकसित भारत का सपना अब किसी एक व्यक्ति का नहीं रहा, किसी सरकार का नहीं रहा, किसी दल का नहीं रहा, देश के जनदृजन का सपना बन चुका है, संकल्प बन चुका है और इस सपने की पूर्ति के लिए हमें अपना हर पल समर्पित करना है। एनडीए के बारह वर्षों की बड़ी सफलता यह भी है कि देश कांग्रेस के कूचक्र से आजाद हुआ है।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि एन.डी.ए सम्मेलन में पैंतीस राजनीतिक दलों के पचहत्तर प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्री नवीन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वर्तमान में एनडीए गठबंधन बाईस से अधिक राज्यों में सत्ता में है, जो देश के लगभग पचहत्तर प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र को कवर करता है।

———————————————————————

विधान परिषद की नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट के उपचुनाव के लिए निर्वाचित उम्मीदवारों के नाम की आज घोषणा किये जाने की सम्भावना है। इन चुनावों के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। किसी भी उम्मीदवार के नाम वापस नहीं लिये जाने की स्थिति में विजय उम्मीदवारों की नाम की घोषणा कर दी जायेगी। दस सीटों पर दस उम्मीदवार होने के कारण सभी उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। भाजपा ने इस चुनाव के लिए पवन सिंह, संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित को उम्मीदवार बनाया है। वही, जदयू ने स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति और ललन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। इधर, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास ने पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। महागठबंधन की ओर से एक सीट पर राजद के सुनील सिंह एक मात्र उम्मीदवार हैं।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग आज से सत्रह जून तक राज्य के सभी अंचलों में लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलायेगा। इस दौरान छियालीस लाख आवेदनों के निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है। विभागीय मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि पिछले वर्ष सोलह अगस्त से बीस सितम्बर तक चलाये गये महाअभियान के दौरान आवेदन लिये गये थे। हालांकि तकनीकी कारणों से इन आवेदन का निपटारा नहीं किया जा सका था।

---

केन्द्र सरकार ने सूक्ष्म वित्त संस्थानों के लिए दूसरे चरण की ऋण गारंटी योजना की वैधता को इस वर्ष इकतीस अगस्त तक या बीस हजार करोड़ रुपये की गारंटी जारी होने तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। अब तक कुल सात सौ सत्तर करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के माध्यम से ऋण गारंटी सहायता प्रदान करना है।

---

पटना उच्च न्यायालय में सात नये न्यायाधीश नियुक्त किये गये हैं। केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार इनमें तीन स्थायी और चार अतिरिक्त न्यायाधीश शामिल हैं। पटना उच्च न्यायालय की ओर से कॉलेजियम के तहत ग्यारह अधिवक्ताओं के नाम भेजे गये थे, जिसके बाद केन्द्र सरकार ने सात नामों की अनुशंसा की है।

---

संस्कृति मंत्रालय ने वर्ष दो हजार चौबीस और दो हजार पच्चीस के संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप, अकादमी रत्न, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कारों की घोषणा की है। प्रदेश के पांच कलाकारों को अकादमी के विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। वरिष्ठ अभिनेता सुरेश कुमार हज्जू, नाट्य निदेशक शिव नारायण झा और लोक कलाकार महेन्द्र राम को राष्ट्रीय कला पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इसके साथ ही युवा रंगकर्मी रोहित चन्द्रा और लोक गायिका मनीषा श्रीवास्तव को युवा पुरस्कार और उस्ताद बिस्मिल्लाह खान पुरस्कार दिया जायेगा।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज सुबह से ही तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने मोबाईल हूटर के माध्यम से अगले तीन घंटे में पटना, अरवल, भोजपुर, जहानाबाद, नालंदा, सारण और वैशाली जिले में तेज आंधी के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि इन स्थानों

पर आज सुबह से ही तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात का रेड अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के शेष स्थानों पर भी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के टेढ़ागाछ में सबसे अधिक सत्तावन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने मीडिया की उन खबरों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया था कि नेपाल ने भारत से आमों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंत्रालय ने कहा कि ये रिपोर्ट तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने कहा कि हालांकि नेपाल ने हाल ही में गर्म पानी से उपचार की आवश्यकता सहित कुछ आयात शर्तों में संशोधन किया है, भारत निर्धारित आवश्यकताओं के अनुपालन में निर्यात को बढ़ावा देना जारी रखे हुए है। इस बीच, नेपाल सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि भारतीय आमों के आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

---

राज्य के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की जायेगी। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। श्री पाल ने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों पर आठ हजार स्थानों पर अतिक्रमण की पहचान की गयी है, जिन्हें जल्द ही हटा लिया जायेगा।

---

बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में कथित फर्जीवाड़ा और जालसाजी मामले में मुगेर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पन्द्रह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पटना और मुंगेर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ये गिरफ्तारियां की गयी है। मुंगेर के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि पटना में दर्ज दो मामलों में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए यह कार्रवाई की गई।

---

रोहतास जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सासाराम स्थित हज़रत बिजली शहीद की दरगाह पर चादरपोशी की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. एस. जमशेद अहमद ने किया।

---

किशनगंज मंडल कारा में सजायाफ्ता एक महिला कैदी उषा रानी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दहेज प्रताड़ना से जुड़े एक मामले में वो फरवरी दो हजार छब्बीस से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद थी। जेल अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि महिला बंदी पिछले कुछ समय से मानसिक अवसाद से पीड़ित थी।

———————————————————

अररिया जिले में भारत नेपाल सीमा पर दोनों देश के बीच सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने और आपसी सहयोग को लेकर एसएसबी और नेपाल सुरक्षा बलों के बीच सामंजस्य बैठक आयोजित की गई। बॉर्डर एरिया मीटिंग में सुरक्षा तंत्र को और मजबूत बनाने के लिए विशेष प्रयास किये जाने पर सहमति बनी है।

———————————————————

पटना जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस ने हथियार और कारतूस के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इधर, पटना सिटी चौक थाना क्षेत्र से पुलिस ने वाहन और मोबाईल चोरी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

विश्व की सबसे बडी फुटबॉल प्रतियोगिता फीफा विश्व कप दो हजार छब्बीस का आज से आगाज हो रहा है। यह टूर्नामेंट उन्नीस जुलाई तक अमरीका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। फीफा विश्व कप का यह अब तक का सबसे बड़ा संस्करण है। इसमें पहली बार अड़तालीस टीमें भाग ले रही हैं। इससे पहले के संस्करणों में बत्तीस टीमें शामिल होती थीं। प्रतियोगिता में कुल एक सौ चार मुकाबले खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला उन्नीस जुलाई को होगा।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– मध्यम वर्ग के लिए हर क्षेत्र में नये मौके।

दैनिक जागरण ने राज्य में हुये टेंडर घोटाले मामले पर शीर्षक दिया है–रिशुश्री के करीबी तीन अफसर गिरफ्तार, संजीव हंस फरार।

दैनिक भास्कर की खास खबर है – बिहार में विकास की रफ्तार सुस्त पड़ी, सरकार ने पुल–सड़क पर खर्च अड़तीस फीसदी तक घटाया, चुनावी साल में सब्सिडी पर चौंसठ फीसदी अधिक लुटाया।

प्रभात खबर ने फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता की खबर को तरजीह देते हुये लिखा है– फुटबॉल का महाकुम्भ, एक बॉल पर नाचेगी दुनिया। आज अखबार की सुर्खी है– बिहार सरकार की बैंकों को चेतावनी, सुधार न करने वाले बैंकों के सरकारी डिपॉजिट पर लगेगी रोक। राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– राज्य के चौरानवे लाख उनतीस हजार पेंशनधारियों के खाते में पहुंचे एक हजार छियानवे करोड़ रूपये।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की ग्यारहवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी होंगे शामिल।

02. विधान परिषद की नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट पर उपचुनाव के लिए निर्वाचित उम्मीदवारों के नाम की आज हो सकती है घोषणा।

03. प्रदेश के पांच कलाकारों को वर्ष दो हजार चौबीस और दो हजार पच्चीस के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में आज सुबह से बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने अगले तीन घंटे के दौरान पटना, अरवल, भोजपुर, जहानाबाद, नालंदा, सारण और वैशाली जिले में आंधी–बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।